बिहार में डायरिया का प्रकोप

drishtiias.com/hindi/printpdf/diarrhea-outbreak-in-bihar

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार के **औरंगाबाद के बाद पश्चिमी चंपारण ज़िले में डायरिया के मामलों में तीव्र वृद्धि** देखी गई है।

प्रमुख बिंदु

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार **डायरिया होने पर व्यक्ति बार-बार उल्टी और दस्त करता है, जिससे डिहाइड्रेशन की स्थिति उत्पन्न** हो जाती है।
- डायरिया के लिये **विविध प्रकार के जीवाणु, विषाणु एवं परजीवी सूक्ष्मजीव उत्तरदायी** होते हैं, उदाहरण के लिये **रोटा वायरस एवं नोरो वायरस**।
- डायरिया संक्रमण **संदूषित भोजन करने, प्रदूषित जल पीने एवं व्यक्ति से व्यक्ति में गंदगी व अस्वच्छता का परिणाम** है।
- डायरिया का स्वच्छ जल पीने, स्वच्छता बनाए रखने एवं ओरल रिहाइड्रेशन आदि के द्वारा उपचार किया जा सकता है।